छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति,
संचालनालय
महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़
इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–01, द्वितीय तल, नया रायपुर, 492002
दूरभाष कमांक 0771–2234192, 2234188 (Fax), E-Mail : dirwcd.cg@nic.in

क्रमांक / 228–4339/मबावि/सावि/आईसीपीएस/15–16 रायपुर, दिनांक 31.08.2015

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
चिप्स–छत्तीसगढ़
रायपुर

विषय :– **एकीकृत बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस) के अंतर्गत राज्य स्तर पर कर्मचारियो की नियुक्ति (संविदा) हेतु विज्ञापित पदों को छत्तीसगढ़ शासन तथा विभाग के पोर्टल पर अपलोड करने विषयक।**

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन संचालित एकीकृत बाल सरंक्षण योजना के प्रावधानों के अनुसार राज्य स्तरीय कार्यालयों के लिए संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रसारित किए गये है। प्रसारित विज्ञापन का पीडी फार्मेट में सीडी संलग्न है । कृपया इसे छत्तीसगढ़ शासन www.cgstate.gov.in तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करेंगे ।

संलग्न :– **उपरोक्तानुसार**

संचालक
संचालनालय महिला एंव बाल विकास
रायपुर छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति,
संचालनालय
महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़
इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–01, द्वितीय तल, नया रायपुर, 492002
दूरभाष कमांक 0771–2234192, 2234188 (Fax), E-Mail : dirwcd.cg@nic.in

कमांक / 228–4340 / मबावि / सावि / आईसीपीएस / 15–16 रायपुर, दिनांक 31.08.2015

प्रति,

संचालक,
संचालनालय जनसंपर्क
रायपुर (छ.ग.)

विषयः **एकीकृत बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस) के अंतर्गत राज्य स्तर पर कर्मचारियो की नियुक्ति (संविदा) हेतु सूचना जारी करने विषयक।**

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन संचालित एकीकृत बाल सरंक्षण योजना के प्रावधानों के अनुसार योजना के समुचित संचालन हेतु गठित एससीपीएस एवं सारा में स्वीकृत पदों पर भर्ती के लिये व्यापक रूप से सूचना प्रकाशित होना आवश्यक है। कृपया राष्ट्रीय एवं राज्य में सर्वाधिक प्रसारित तीन समाचार पत्रों का चयन कर विज्ञापन प्रसारित करने का कष्ट करेंगे ।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

संचालक
संचा. महिला एवं बाल विकास विभाग
रायपुर–छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति,
संचालनालय
महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़
इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–01, द्वितीय तल, नया रायपुर, 492002
दूरभाष कमांक 0771–2234192, 2234188 (Fax), E-Mail : dirwcd.cg@nic.in

''विज्ञापन''

एकीकृत बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस) के अंतर्गत राज्य स्तरीय पदों पर कर्मचारियों की संविदा भर्ती के संबंध में विज्ञापन

भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीकृत एकीकृत बाल संरक्षण योजना के प्रावधानों व स्वीकृति अनुसार राज्य स्तर पर एकीकृत बाल सरंक्षण योजना के कियान्वयन हेतु राज्य बाल संरक्षण समिति (इकाई) एवं राज्य दत्तक संसाधन अभिकरण में विभिन्न पदो पर भर्ती के लिये पात्र आवेदकों से **दिनांक 11 सितम्बर 2015** तक आवेदन आमंत्रित हैं। पदों एवं आवेदन प्रकिया का विवरण निम्नानुसार है :–

क.	पदनाम	पद संख्या	वेतनमान / संविदा वेतन (प्रतिमाह)	चयन प्रकिया / सेवा की स्थिति	आयु सीमा	आरक्षण की स्थिति
	राज्य बाल संरक्षण समिति (इकाई) (एससीपीयू–रायपुर में राज्य स्तर पर)					
1	लेखा अधिकारी	1	प्रतिनियुक्ति पर 15600–39100 पी.बी. 5400 संविदा पर 17000 / – प्रतिमाह	प्रतिनियुक्ति / संविदा (प्रतिनियुक्ति पर आवेदक न मिलने की दशा में सेवानिवृत्त लेखाधिकारी को संविदा पर भर्ती हेतु विचार किया जायेगा)	25 से 45 वर्ष (प्रतिनियुक्ति / सेवानिवृत्त लेखाधिकारी के लिए आयु–सीमा में नियमानुसार छूट रहेगी)	अनारक्षित
2	कार्यक्रम अधिकारी (सीएनसीपी)	01	26250 / –	संविदा	25 से 45 वर्ष	अनारक्षित
3	कार्यक्रम अधिकारी (जेसीएल)	01	26250 / –	संविदा	25 से 45 वर्ष	अनारक्षित
4	कार्यक्रम अधिकारी (आईईसी तथा प्रचार)	01	26250 / –	संविदा	25 से 45 वर्ष	अनारक्षित
5	लेखापाल	01	14000 / –	संविदा	25 से 45 वर्ष	अनारक्षित
6	सहायक सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर	01	10000 / –	संविदा	25 से 45 वर्ष	अजजा के लिए आरक्षित
7	लेखा सहायक	01	10000 / –	संविदा	25 से 45 वर्ष	अनारक्षित
	राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण					
1	कार्यक्रम प्रबंधक (दत्तक ग्रहण)	1	35000 / –	संविदा	25 से 45 वर्ष	अनारक्षित
2	कार्यक्रम अधिकारी (दत्तक ग्रहण)	02	25,000 / –	संविदा	25 से 45 वर्ष	1 पद अनारक्षित एवं 1 पद अजजा के लिए आरक्षित
3	कार्यक्रम सहायक	01	10000 / –	संविदा	25 से 45 वर्ष	अनारक्षित

उपरोक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होगी :–

नाम	अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता	अनिवार्य कौशल	अनुभव	वांछनीय योग्यता
लेखाधिकारी	वाणिज्य अथवा समकक्ष विषय में स्नातक अथवा सीए/आईसीडब्ल्यूए की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।,	कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस/टेली तथा कम्प्यूटर/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए ।	शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान/चार्टर्ड अकाउंटेन्ट के फर्म में लेखा एवं लेखा संधारण का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव/आर्टिकल क्लर्क के रूप में 5 वर्ष का कार्यानुभव राज्य शासन अथवा महालेखाकार कार्यालय से सेवानिवृत्त लेखाधिकारी को चयन में वरीयता दी जायेगी।	अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान व दोनो भाषाओं मे कार्य करने में दक्ष होना चाहिए।
कार्यक्रम अधिकारी (राज्य बाल संरक्षण समिति – **सीएनसीपी)**	समाजशास्त्र/मनोविज्ञान (बाल मनोविज्ञान) / एमएसडब्ल्यू समाज विज्ञान या समकक्ष सामाजिक विषयों में स्नातकोत्तर	कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस/टेली तथा कम्प्यूटर/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए ।	शासकीय/अर्द्धशासकीय/ अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सी में बाल संरक्षण/बाल कल्याण/ बाल विकास के क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष का कार्यानुभव ।	अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान व दोनो भाषाओं मे कार्य करने में दक्ष होना चाहिए।
कार्यक्रम अधिकारी (राज्य बाल संरक्षण समिति – **जेसीएल)**	समाजशास्त्र/मनोविज्ञान (बाल मनोविज्ञान)/ एमएसडब्ल्यू/ समाज विज्ञान विधि या समकक्ष विषयों में स्नातकोत्तर	कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस/टेली तथा कम्प्यूटर/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए ।	शासकीय/अर्द्धशासकीय/ अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सी में बाल संरक्षण/बाल कल्याण/ बाल विकास के क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष का कार्यानुभव । *विधि की उपाधि धारक को वरीयता दी जायेगी।*	अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान व दोनो भाषाओं मे कार्य करने में दक्ष होना चाहिए।
कार्यक्रम अधिकारी (राज्य बाल संरक्षण समिति – **आईईसी एवं प्रचार)**	समाजशास्त्र/मनोविज्ञान (बाल मनोविज्ञान)/ एमएसडब्ल्यू/समाज विज्ञान/विधि, लोक प्रशासन/एमबीए(एच. आर), मे स्नातकोत्तर अथवा पत्रकारिता/जनसंपर्क या समकक्ष विषयों में स्नातक	कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस/टेली तथा कम्प्यूटर/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए ।	शासकीय क्षेत्र में संबंधित विषय/कार्य पर न्यूनतम 5 वर्ष का कार्यानुभव । ***शासकीय योजनाओं/कार्यक्रमों के प्रचार प्रसार में कार्यरत आवेदकों को वरीयता दी जायेगी।***	अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान व दोनो भाषाओं मे कार्य करने में दक्ष होना चाहिए।
लेखापाल	वाणिज्य/अर्थशास्त्र विषय में स्नातक, अथवा सी.ए / आईसीडब्ल्यूए इंटर	कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस/टेली तथा कम्प्यूटर/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए ।	शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान/चार्टर्ड अकाउंटेन्ट के फर्म में लेखा एवं लेखा संधारण का न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव /आर्टिकल क्लर्क के रूप में 3 वर्ष का कार्यानुभव	अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान ।

ायक डाटा एन्ट्री परेटर एवं कार्यक्रम सहायक	1. कक्षा 12वीं (10+2) बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण अथवा कक्षा 10वीं बोर्ड उत्तीर्ण एवं किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण। 2. डाटा एन्ट्री आपरेटर/ प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा	हिन्दी में 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति।	शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान में कार्यालय सहायक/सहायक के रूप में कम से कम 2 वर्ष का कार्यानुभव।	अंग्रेजी भाषा में कम्प्यूटर पर कार्य करने का अनुभव/दक्षता अथवा अंग्रेजी टाईपिंग उत्तीण ।
लेखा सहायक	वाणिज्य/अर्थशास्त्र विषय में स्नातक, अथवा सी.ए / आईसीडब्ल्यूए इंटर	कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस/टेली तथा कम्प्यूटर/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए ।	शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान/चार्टर्ड अकाउंटेन्ट के फर्म में लेखा एवं लेखा संधारण का न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव /आर्टिकल क्लर्क के रूप में 2 वर्ष का कार्यानुभव	अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान ।
कार्यक्रम प्रबंधक (राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण)	समाजशास्त्र/मनोविज्ञान (बाल मनोविज्ञान)/ समाज विज्ञान, लोक प्रशासन/एमबीए (एच.आर) या समकक्ष विषयों में स्नातकोत्तर	कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस/टेली तथा कम्प्यूटर/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए ।	शासकीय/अर्द्धशासकीय/ अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सी में न्यूनतम 5 वर्ष का कार्यानुभव जिसमें से न्यूनतम 3 वर्ष किसी संस्थान में बच्चों के कल्याण/संरक्षण के क्षेत्र में प्रबंधक की हैसियत से कार्य अनुभव ।	अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान व दोनो भाषाओं मे कार्य करने में दक्ष होना चाहिए।
कार्यक्रम अधिकारी (राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण)	समाजशास्त्र/मनोविज्ञान (बाल मनोविज्ञान)/ एमएसडब्ल्यू समाज विज्ञान या समकक्ष सामाजिक विषयों में स्नातकोत्तर	कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस/टेली तथा कम्प्यूटर/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए ।	शासकीय/अर्द्धशासकीय/ अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सी में बाल संरक्षण/बाल कल्याण/ बाल विकास के क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष का कार्यानुभव ।	अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान व दोनो भाषाओं मे कार्य करने में दक्ष होना चाहिए।
कार्यक्रम सहायक	1. कक्षा 12वीं (10+2) बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण अथवा कक्षा 10वीं बोर्ड उत्तीर्ण एवं किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण। 2. डाटा एन्ट्री आपरेटर/ प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा	हिन्दी में 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति।	शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान में कार्यालय सहायक/सहायक के रूप में कम से कम 2 वर्ष का कार्यानुभव।	अंग्रेजी भाषा में कम्प्यूटर पर कार्य करने का अनुभव/दक्षता अथवा अंग्रेजी टाईपिंग उत्तीण ।

आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अन्य विवरण www.cgstate.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है :–

आवेदन प्रपत्र **संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, इन्द्रावती भवन ब्लॉक 01, द्वितीय तल नया रायपुर 492002** से प्राप्त किये जा सकते है।

विज्ञापन मे दिये प्रारूप अनुसार आवेदन पत्र टंकित कराया जाकर निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र डाक/कुरियर द्वारा दिनांक 11 सितम्बर 2015 की संध्या 5:00 बजे तक संचालक, संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, इन्द्रावती भवन परिसर द्वितीय तल नया रायपुर 492002 के पते पर प्रेषित किये जायें।

प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

परोक्त पदों हेतु नियम व शर्तें :–

1. संविदा नियुक्ति 2 वर्ष के लिए होगी । तत्पश्चात कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा आगे बढ़ाने का निर्णय विभाग द्वारा लिया जा सकेगा, अन्यथा संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी ।
2. संविदा नियुक्ति अवधि में योजना प्रावधानों के अनुसाार एकमुश्त संविदा वेतन देय होगा । अतः संविदा वेतन के अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन/भत्ते की पात्रता नहीं होगी। सेवा समाप्ति के बाद संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के पेंशन उपादान भत्ता मृत्यु लाभ इत्यादि की भी पात्रता नहीं होगी ।
3. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताये भी समाप्त की जा सकती है । संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है ।
4. आयु की गणना 1 सितम्बर 2015 की स्थिति में की जायेगी।
5. सभी पदों पर अधिकतम आयु सीमा में छूट के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये निर्देश लागू होंगे ।
6. पद कमांक 01 **में उल्लेखित लेखाधिकारी का पद** प्रतिनियुक्ति हेतु रक्षित है। प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन प्राप्त न होने पर शासकीय सेवानिवृत्ति लेखाधिकारी के आवेदनों पर संविदा नियुक्ति हेतु विचार किया जायेगा। प्रतिनियुक्ति/सेवानिवृत्त कर्मचारी के संबंध में अधिकतम आयु सीमा में छूट के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये निर्देश लागू होंगे ।
7. लेखापाल/लेखा सहायक/कार्यक्रम सहायक तथा सहायक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर पद हेतु अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है । इस हेतु सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न किया जाये।
8. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जायेगा । निर्धारित शैक्षणिक अर्हता आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम दिनांक तक आवश्यक रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए ।
9. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे । आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित/सत्यापित होना चाहिए ।
10. अनुभव के संबंध में अभ्यर्थी को संबंधित संस्था से नियोक्ता द्वारा जारी एवं स्व प्रमाणित अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा ।
11. शासकीय/अर्द्धशासकीय/स्वैच्छिक संगठनों में कार्यरत कर्मचारियों को अपने आवेदन पत्र को नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा ।
12. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगे एवं इस संबंध में उम्मीद्वारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी ।
13. उपरोक्त उल्लेखित योग्यता ना रखने वाले उम्मीद्वार आवेदन ना करें ।
14. प्रत्येक पद के लिये पृथक–पृथक आवेदन देना होगा । लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिये आवेदित किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है । लिफाफे के ऊपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आवश्यक रूप से होना चाहिए ।

15 · लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय भत्ता देय नहीं होगा ।

16. आवेदन पत्र कार्यालयों में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेंगे । **आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट/कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार होंगे ।** आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 10 रूपये का टिकट लगा हुआ एक कोरा लिफाफा भी संलग्न करें ।

17. उपरोक्त पदों पर चयन की प्रकिया निम्नानुसार रहेगी :–

पदनाम	चयन प्रकिया
1 कार्यक्रम प्रबंधक 2 कार्यक्रम अधिकारी (सभी)	1.वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत् पर 100 अंकों का Weightage देते हुए अधिकतम 50 अंक । 2. न्यूनतम अनुभव के पश्चात् प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष के अनुभव के लिए 2 अंक दिये जायेंगे । अधिकतम 30 अंक । 3. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट से संबंधित परीक्षा पर 20 अंक निर्धारित रहेंगे ।
1 लेखापाल 2 सहायक लेखापाल 3 डाटा एन्ट्री ऑपरेटर 4 कार्यक्रम सहायक	1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत् पर 100 अंकों का Weightage देते हुए अधिकतम 60 अंक, 2. न्यूनतम अनुभव के पश्चात् प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष के अनुभव के लिए 3 अंक अधिकतम 15 अंक दिये जायेंगे। 3. स्किल टेस्ट हेतु 25 अंक निर्धारित रहेंगे। (टायपिंग परीक्षा भी कम्प्यूटर पर ली जावेगी)

उपरोक्तानुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर अधिकतम प्राप्त अंको की मेरिट सूची के आधार पर मेरिट कम में 1 पद के लिए अधिकतम 10 उम्मीदवारों को प्राक्चयन परीक्षा/लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट/कम्प्यूटर परीक्षा हेतु बुलाया जावेगा।

18. **चयन प्रकिया पर किसी प्रकार की विवाद की दशा में सचिव/संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा ।**

19. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एवं वेबसाईट www.cgwcd.gov.in पर देखी जा सकती है ।

20 अपात्र अथवा मेरिट कम में न आने वाले अभ्यार्थियों को सूचना नही दी जायेगी। चुने हुए अभ्यार्थियों को मेल एवं एसएमएस से सूचना दी जायेगी। अतः सही मेल आईडी व मोबाईल नं. का उल्लेख आवेदन पत्र में किया जावे।

21. आवेदक का आवेदन **दिनांक 11 सितम्बर 2015 को सायं 5.00 बजे** तक अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए । इसके पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

संचालक
संचा. महिला एवं बाल विकास विभाग
एवं सचिव राज्य बाल संरक्षण समिति
रायपुर–छत्तीसगढ़

आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

.....

.....

.....

स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटों पर हस्ताक्षर जिसका आधा भाग फोटो एवं आधा आवेदन पत्र में होना चाहिए चस्पा करें

1. आवेदित पद का नाम :– .....

2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– .....

(अंग्रेजी में) :–.....

3. पिता/पति का नाम :– .....

4. स्थायी पता :– .....

.....

5. (पत्र व्यवहार का पता) :– .....

.....दूरभाष/मोबाईल.....

ईमेल आईडी – .....

6. जन्मतिथि (अंकों में) :– .....

(शब्दों में) :–.....

7. दिनांक 01/09/2015 को आयु :–.....

8. लिंग पुरूष/महिला :– .....

9. जाति/वर्ग (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./सामान्य) जाति ..... वर्ग .....

10. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है ? :–.....

11. विवाहित/अविवाहित/विधुर/परित्यत्ता :– .....

12. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि एवं जीवित बच्चों की संख्या :– .....

13. शैक्षणिक योग्यता :–(जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

क.	उत्तीर्ण परीक्षा	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड/संस्था का नाम	प्राप्तांक/पूर्णांक	प्रतिशत	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7

14. अन्य योग्यता का विवरण :– .....

15. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :– .....

संस्था का नाम	पद नाम	अनुभव का विवरण कब से कब तक	वेतन एवं पद छोड़ने का कारण

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते हैं ।

16. अनिवार्य संलग्नकों की सूची –

1. जन्म तिथि हेतु 10वीं की अंकसूची/प्रमाण पत्र
2. 12वीं की अंकसूची
3. स्नातक की अंकसूची
4. स्नातकोत्तर की अंकसूची (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
5. व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
6. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र

17. अन्य संलग्नकों का विवरण

1.....

2.....

3.....

आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम

घोषणा–पत्र

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी ।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान – .....

दिनांक – .....